वनस्थली विद्यापीठ
पो. वनस्थली विद्यापीठ ३०४०२२
(राजस्थान)



BANASTHALI VIDYAPITH
P.O. BANASTHALI VIDYAPITH 304022
(RAJASTHAN)

क्र० : का०अ०/ 68 /2021-2022 दिनांक : 13 मार्च, 2022

प्रिय महोदय,

आपके आवेदन-पत्र और आपसे दिनांक 13.2.2022 को हुए साक्षात्कार (ऑन-लाइन) के आधार पर आपको वनस्थली विद्यापीठ में जूनियर टेक्नीकल असिस्टेन्ट (कम्प्यूटर साइंस) पद पर नियुक्त किये जाने का प्रस्ताव है । आपसे यह अपेक्षित है कि आप विद्यापीठ की अन्य सभी गतिविधियों में अपना सहयोग दें व उपयुक्त प्रशासनिक जिम्मेदारियों का भी निर्वहन करें ।

आपकी नियुक्ति 25,000/- रु० मासिक स्थिर वेतन (उपयुक्त भत्तों सहित) पर की जायेगी । आपका वेतन दिये गये विवरणानुसार रहेगा । विद्यापीठ के नियमानुसार वेतन की गोपनीयता रखना कार्यकर्ता का दायित्व है और इसका उल्लंघन विद्यापीठ के नियमानुसार दण्डनीय अपराध है ।

आपकी नियुक्ति कार्यभार संभालने की तिथि से 31 दिसम्बर, 2023 तक के लिए कॉन्ट्रेक्ट पर की जायेगी । कॉन्ट्रेक्ट की अवधि में विद्यापीठ आपकी नियुक्ति को किसी भी समय तीन माह की पूर्व सूचना या उसके बदले में तीन माह का वेतन देकर समाप्त कर सकेगा । अगर इस अवधि में आप स्वयं कार्यमुक्त होना चाहेंगे तो आपको तीन माह की पूर्व सूचना देना अनिवार्य होगा । कार्यमुक्त होने की पूर्व सूचना के ऐवज में सामान्यतया वेतन स्वीकार्य नहीं होता है । संतोषजनक कार्य प्रगति की स्थिति में सामान्यतया कॉन्ट्रेक्ट का नवीनीकरण होता रहा है ।

इस नियुक्ति की यह आधारभूत शर्त है कि उपरोक्त के अलावा सेवा शर्तों, छुट्टियों, कैम्पस निवास एवं अन्य सभी मामलों से सम्बन्धित विद्यापीठ के समय-समय पर प्रभावी सभी नियम आप पर अनिवार्य रूप से लागू होंगे और विद्यापीठ में आपकी सेवा के आधारभूत करार माने जाएंगे और इन नियमों में किसी भी समय परिवर्तन करने का विद्यापीठ को पूरा अधिकार होगा और संशोधित नियम आप पर लागू माने जाएंगे ।

नियुक्ति का यह प्रस्ताव आपके द्वारा दिनांक 1 अप्रेल, 2022 से 7 अप्रेल, 2022 तक कार्यभार संभालने पर ही वैध रहेगा अन्यथा नियुक्ति का यह प्रस्ताव निरस्त किया जा सकता है ।

नियुक्ति पर आदतन खादी पहनना अनिवार्य होगा ।

भवदीय

मंत्री
वनस्थली विद्यापीठ

श्री श्योजी राम सैनी
ग्राम व पोस्ट - निमेड़ा, तहसील - फागी,
जिला - जयपुर (राज०) - 303005

Salary Statement

(figures in Rs.)

Name	**:**	**Sh. Shyoji Ram Saini**	
Designation	**:**	**Jr. Technical Assistant (Computer Sc.)**	
Consolidated Salary	:	25000	
HRA @ 7.5%	:	1875	26875
Medical Facility *	:	1000	27875



* In addition Vidyapith provides Family Health Insurance as per rules.